मंगलवार
07 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



गाड़ी पार्किंग के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, आधा दर्जन जख्मी 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# तुर्की व सीरिया में भूकंप ने मचाई भीषण तबाही, 2500 से ज्यादा मौतें

- सोमवार की सुबह 7.8 की तीव्रता का इस सदी का सबसे शक्तिशाली भूकंप आया
- तुर्की में 12 घंटों में अलग-अलग तीव्रता के 46 भूकंप के झटके महसूस किए गए
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मदद का बढ़ाया हाथ

**एजेंसी/इस्तांबुल**

तुर्किए (तुर्की) और सीरिया में सोमवार की सुबह इस सदी का सबसे शक्तिशाली भूकंप आया। 7.8 की तीव्रता के इस विनाशकारी भूकंप से अब तक करीब 2500 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 6000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए राहत बचाव कार्य चल रहा है। तुर्की में पिछले 12 घंटों में अलग-अलग तीव्रता के 46 भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने दूसरा झटका तुर्किए (तुर्की) की राजधानी अंकारा और इराकी कुर्दिस्तान शहर इरबिल तक महसूस किया। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने कहा कि पहला 7.8 तीव्रता का भूकंप तुर्किए (तुर्की) के शहर गजियांटेप के पास लगभग 17.9 किलोमीटर (11 मील) की गहराई पर सुबह 4:17 बजे आया। भूकंप से गाजियांटेप, सान्लिउर्फा, दियारबाकिर, अदाना, अदियामन, मालट्या, उस्मानिया, हटे और किलिस प्रांत बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। सीरिया में भी लगातार मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। यहां मरने वालों की संख्या 783 हो गई है।





**बचाव कार्य के लिए भारत से रवाना होगा 100 सदस्यीय दल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विश्व के कई नेताओं ने घटना पर शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि तुर्किए (तुर्की) में भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पीएम मोदी ने तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के एक ट्वीट को टैग करते हुए कहा कि भारत तुर्किए तुर्की के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस त्रासदी से निपटने के लिए हरसंभव सहायता देने को तैयार है। प्रधानमंत्री के निर्देश पर राहत सामग्री के साथ एनडीआरएफ और चिकित्सा दलों को तुर्की गणराज्य की सरकार के समन्वय से तुरंत तुर्किए (तुर्की) भेजा जाएगा। राहत व बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की दो टीमें, विशेष रूप से प्रशिक्षित डॉग स्क्वायड और आवश्यक उपकरण भूकंप प्रभावित क्षेत्र में भेजने के लिए तैयार किए गए। दोनों टीमों में 100 कर्मी शामिल हैं। इसके साथ ही प्रशिक्षित चिकित्सकों और पैरा मेडिक की टीम भी आवश्यक दवाओं के साथ रवाना की जाएगी।

# उपेंद्र कुशवाहा अब जदयू के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष नहीं

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार हमलावर रहे हैं उपेंद्र कुशवाहा
- जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले, इस वक्त पार्टी के संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष कोई नहीं

**केटी न्यूज/पटना**

उपेंद्र कुशवाहा की वजह से जदयू में मचे घमासान के बीच अब पार्टी आलाकमान ने उनपर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। इस बारे में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने साफ कर दिया है कि इस वक्त संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष कोई नहीं है। कुशवाहा सिर्फ एमएलसी हैं। ललन सिंह ने सोमवार को कुशवाहा पर भी कई तरह की प्रतिक्रिया दी है। जैसे मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पार्टी में सम्मान और पर्याप्त इज्जत देने के बाद भी उनके ऐसे तेवर दिख रहे हैं। यही बात ललन सिंह ने भी बोली है। उन्होंने ये भी कहा कि फिलहाल सिर्फ राष्ट्रीय अध्यक्ष का ही चुनाव हुआ है और उस पद पर वो खुद हैं। ललन सिंह ने ये भी कहा कि अगर कोई भी पार्टी का व्यक्ति पार्टी के खिलाफ काम करता है तो इस पर विधान परिषद के सभापति ही कोई कार्रवाई कर सकते हैं। वहीं उमेश कुशवाहा की ओर से कह दिया गया है कि उपेंद्र कुशवाहा द्वारा बुलाई जा रही बैठक में जेडीयू की ओर से कोई नहीं जाएगा।

## खबरें फटाफट

### पटना में सिलेंडर ब्लास्ट, पांच झुलसे

**पटना।** पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र के अमरुदी गली के एक घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने से परिवार के पांच सदस्य झुलस गए। जानकारी के अनुसार यहां एक किराए में रहने वाले किरायेदार के घर में सिलेंडर ब्लास्ट हुआ जिसमे परिवार के पांच सदस्य गंभीर अवस्था में घायल हुए हैं। घायलों में दो महिला, एक पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं। सभी का इलाज पटना के पीएमसीएच में कराया जा रहा है। ब्लास्ट का कारण सिलेंडर में गैस रिसाव होने का बतलाया जा रहा है।

### अब बोलेरो से चलेंगे बिहार के सीओ

**पटना।** बिहार के अंचलाधिकारी अब टाटा सूमो की बजाय नई बोलेरो से चलेंगे। सरकार ने नई गाड़ी खरीद के लिए राशि जारी कर दी है। नई गाड़ी के रूप में महिंद्रा बोलेरो बी2 बीएस6 खरीदने का निर्णय लिया गया है। यह सभी अंचलाधिकारी 26 जिलों के हैं। जिन जिलों के अंचलाधिकारियों की गाड़ी खरीद नहीं होगी उनमें कैमूर, खगड़िया, किशनगंज, बांका, अरवल, लखीसराय, अररिया, पूर्णिया, औरंगाबाद, पटना एवं पूर्वी चंपारण को छोड़कर अन्य जिलों के अंचलाधिकारियों को नई गाड़ी उपलब्ध कराई जाएगी।

## मुबारकपुर में धारा 144 लागू: मुखिया समर्थकों द्वारा तीन युवकों की पिटाई में दो की मौत

# छपरा के मांझी में पिटाई से मौत के बाद बवाल, सोशल मीडिया पर रोक

**केटी न्यूज/छपरा**

छपरा जिले के मांझी प्रखंड के मुबारकपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पर हमले के आरोप में मुखिया समर्थकों ने तीन युवकों की जमकर पिटाई कर दी थी। उनमें से दूसरे युवक की भी मौत हो गई है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने गांव में पहुंचे स्थानीय बीडीओ की गाड़ी और पुलिस के वज्र वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद मुबारकपुर गांव में तनाव का माहौल है। लोगों ने जमकर हंगामा किया। कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बावजूद भी स्थिति नियंत्रण से बाहर है। एक दिन पहले मुखिया समर्थकों की पिटाई से जयप्रकाश सिंह के पुत्र अमृतेश कुमार की मौत हो गई थी। दूसरे युवक राहुल कुमार सिंह की भी मौत हो गई। आलोक कुमार सिंह उर्फ विक्की का पटना में इलाज चल रहा है।

बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात कदम उठाते हुए मांझी मुबारकपुर की ओर जाने वाले रास्ते सीलबंद कर दिए हैं। बाहरी लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। चार किलोमीटर के दायरा में धारा 144 लगा दी गई है। इस इलाके में जातीय उन्माद फैलाने के आरोप में 23 सोशल मीडिया ग्रुप पर 8 फरवरी की सुबह तक के लिए अस्थायी रोक लगाते हुए कई ग्रुप एडमिन पर प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। अब शाम 7 बजे से इंटरनेट बंद करने की भी तैयारी है। बिहार के एडीजी, सारण प्रक्षेत्र के डीआईजी ,एसपी, डीएम समेत अन्य अधिकारियों ने गांव पहुंचकर दोषियों पर हर हाल में कारवाई की बात कहीं। मुबारकपुर के मुखिया का पक्ष लेने के लिए मांझी के थानाध्यक्ष देवानंद कुमार पर आरोप लग रहा था, वह भी हटा दिए गए हैं। स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में है।



### घटना से गुस्साए लोगों ने मुखिया के घर में की तोड़फोड़-अगजनी

छपरा के मांझी के मुबारकपुर में 2 फरवरी को तीन युवकों को मुखिया पर फायरिंग का आरोप लगाकर बुरी तरह पीटा गया था। पीटे गए तीनों राजपूत जाति के थे और पीटने वाले यादव। तभी से इसमें जातीय हिंसा की आशंका बन रही थी। शुक्रवार को अमितेश कुमार सिंह की मौत के बाद रविवार को सैकड़ों लोगों ने हत्याकांड के आरोपी मुखिया पति विजय यादव के घर पर और पूरे इलाके में जमकर तांडव किया। कई ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, ट्रक आदि के साथ लोगों को कच्चे घर और फसलों को आग के हवाले कर दिया था। आगजनी के बाद शाम में सारण पुलिस कप्तान गौरव मंगला के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल छपरा से पहुंच गई। जातीय तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया। सोमवार को भी तनाव की स्थिति बनी रही, क्योंकि कुछ जातीय संगठन मृतक के पक्ष में एकजुट होते दिखे तो दूसरी तरफ आगजनी के खिलाफ भी जातीय संगठनों ने सक्रिय होना शुरू कर दिया था।

अभी मॉब लिंचिंग कर हत्या करने के सभी आरोपी गिरफ्त में नहीं आए हैं, जिसके कारण मृतक पक्ष के लोग शांत नहीं हो रहे हैं। मॉब लिंचिंग कर मारे गए अमितेश कुमार सिंह की ओर से जुटे राजपूत पक्ष के लोगों ने रविवार को मुबारकपुर के सिधवरिया टोला में जमकर आगजनी की थी। कच्चे घरों को आग लगा दी गई थी। पक्के मकानों पर भी हमला किया गया था। अनाज जला दिए गए थे। खौफ के कारण रविवार शाम तक इस टोले के पुरुष गांव छोड़कर फरार थे।

# योगी ने आगरा में मेट्रो के टनल निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**केटी न्यूज/आगरा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगरा किला के सामने रामलीला मैदान में मेट्रो के टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। आगरा में टनल बोरिंग मशीन को गंगा और यमुना का नाम दिया गया है। ये टनल बोरिंग मशीन हर दिन 10-12 मीटर तक टनल तैयार करेगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन की ओर से आगरा मेट्रो के भूमिगत भाग में अप एवं डाउन ट्रैक के लिए दो समानांतर सुरंगों का निर्माण किया जाना है। सीएम योगी ने कहा, आगरा मेट्रो अपने निर्माण कार्य के एक नए दौर की शुरूआत कर रहा है।

**दो कॉरिडोर में बनेगा रेल नेटवर्क, 27 स्टेशन होंगे:** यूपीएमआरसीएल आगरा में मेट्रो परियोजना का कार्य कर रही है। 8369 करोड़ रुपए के इस प्रोजक्ट का सीएम योगी ने दिसंबर 2020 में शुभारंभ किया था। टनल बोरिंग मशीन गंगा और यमुना के जरिए 7 भूमिगत स्टेशन और भूमिगत टनल बनाई जाएंगी। आगरा मेट्रो में 29.4 किमी लंबे दो कॉरिडोर का नेटवर्क बनना है, जिसमें 27 स्टेशन होंगे। ताज ईस्ट गेट से सिकंदरा के बीच 14 किमी लंबे पहले कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस कॉरिडोर में 13 स्टेशनों का निर्माण होगा। जिसमें 6 एलिवेटेड जबकि 7 भूमिगत स्टेशन होंगे।

### भागलपुर में बेलगाम ट्रक ने भाई-बहन को रौंदा, लगा भीषण जाम

**भागलपुर।** सोमवार को भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पर बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार युवक-युवती को कुचल दिया। ममेरे भाई के साथ परीक्षा देने के लिए नवगछिया से भागलपुर आकर लौट रही बहन की भी हादसे में घटना स्थल पर ही मौत हो गई। युवती की पहचान रंगरा थाना क्षेत्र के अखिलेश पंडित की 22 वर्षीय पुत्री मधु कुमारी के रूप में हुई है, जबकि युवक की पहचान उसी थाना क्षेत्र के सधुआ निवासी ब्रजेश कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद विक्रमशिला सेतु के दोनों तरफ जाम लग गया। घटना सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। इस घटना के कारण लगे जाम में फंसकर लोग परेशान होते रहे।




## समाधान यात्रा: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांका जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

# बांका में 2.77 करोड़ रुपये की 38 योजनाओं का उद्घाटन

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को समाधान यात्रा के क्रम में बांका जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री कटोरिया प्रखंड के मनिया गांव पहुंचे और वहां समेकित बाल विकास परियोजना केंद्र पर बच्चे-बच्चियों से बात कर वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित मनिया ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जिला औद्योगिक नवप्रवर्तन योजना के अंतर्गत स्थापित क्लस्टर का जायजा लिया और ठाकुर स्वर्णकार हस्तकला उद्योग, मनिया में चांदी से निर्मित मछली को देखा। उन्होंने 1304 जीविका समूहों को व्यवसाय हेतु 1 करोड़ 67 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।



मुख्यमंत्री ने जीविका महिला ग्राम संगठन को मछली पालन हेतु तालाब हस्तांतरण पत्र सौंपा तथा 25 हजार 600 रुपये का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने छोटी-छोटी दुकानों में ग्रामीण कारीगरों द्वारा चांदी से निर्मित मछली को भी देखा और उसकी सराहना की। स्टॉल पर लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से जीविका दीदियों ने तसर रेशम के उत्पादन के विभिन्न चरण, बीज उत्पादन और आपूर्ति विधि की जानकारी दी। साथ ही तसर रेशम के धागे से बने उत्पाद एवं जीविका दीदियों द्वारा तैयार किए गए अन्य उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने बांका जिले में 277.03 लाख रुपये की 38 योजनाओं का उद्घाटन किया।

### चांदी की मछली बेचने पर देश में कहीं प्रतिबंध नहीं

चांदी की मछली बनाने के व्यवसाय से जुड़े लोगों को दूसरे राज्यों की पुलिस द्वारा इसकी बिक्री के दौरान परेशान किये जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। इसको लेकर कोई प्रतिबंध नहीं है। यहां के कारोबारी किसी भी दूसरे राज्य में इसे लेकर जा सकते हैं। कहीं कोई, चीज तैयार करता है तो इसे लेकर वह पूरे देश में जा सकता है। हमलोग चाहते है कि सभी लोगों के पास बिहार की चीज पहुंच जाये। यहां तैयार की गई चीजों का बाहर में भी काफी डिमांड है। इस कारोबार से जुड़े किसी व्यक्ति को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसको लेकर हमने अधिकारियों को निर्देश दे दिया है कि कहीं कोई इन लोगों को तंग तो नहीं कर रहा है। यदि ऐसा है तो उस पर एक्शन लें।

## खबरें फटाफट

### लेनदेन के विवाद में चलाई गोली

**सासाराम।** जिले के बिक्रमगंज शहर के गौतम नगर मुहल्ले में रविवार रात 11 बजे पैसे के लेन-देन के विवाद में घर में घुसकर फायरिंग की गई। इसमें एक गोली 10 साल बच्ची को लगी। इससे वह घायल हो गई। घायल बच्ची को आनन-फानन में देर रात एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। मामले में परिजनों द्वारा दो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया है। घायल बच्ची प्रीति कुमारी बताई जाती है जो शांति देवी की बेटी है। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शांति देवी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि बिक्रमगंज में डिज्नी लैंड मेला लगा हुआ है, जिसमें वह टिकट काटने का काम करती है। दर रात वह घर लौटी और खाना बना रही थी। तभी मनोज ठाकुर और मुकेश ठाकुर मेरे घर में घुस गए और गोली चला दी, गोली मेरी बेटी प्रीति को लगी है।

### मालगाड़ी में लगी आग

भभुआ। जिले के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर कोयला लदी मालगाड़ी के एक बोगी में आग लग गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। 9 घंटे पहले भी इसी बोगी में डालटेनगंज में भी आग लगी थी। जहां फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझा दी गई थी। लेकिन जैसे ही डीडीयू और गया रेलखंड के बीच पुसौली रेलवे स्टेशन गाड़ी क्रॉस कर रही थी तो फिर से बोगी में आग नजर आई। फिलहाल किसी नुकसान की बात सामने नहीं आ पाई है। ट्रेन फुलवरिया से कोयला लेकर एलएचएम जा रही थी। भभुआ रोड रेलवे स्टेशन मास्टर आरपी सिंह ने बताया कि पुसौली स्टेशन से बोगी में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाकर काबू पाया गया है।

# रहें सावधान... आंत के किसी भी हिस्से में हो सकती है पेट की टीबी

केटी न्यूज/बक्सर

❐ पहले तीन महीने में पेट की टीबी का पता चलने पर आसानी से हो सकता है इसका इलाज

जब भी टीबी की बात होती है तो अधिकांश लोग फेफड़े के टीबी के बारे में ही जानते हैं। लेकिन टीबी की बीमारी शरीर के किसी में अंग में हो सकती है। जब फेफड़े से बाहर टीबी होती है तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहते हैं। इनमें से एक है गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्यूबरक्लोसिस। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल टीबी पेट के पेरिटोनियम और लिंफ में होती है। इसमें माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस का संक्रमण हो जाता है। टाइफाइड बुखार के बाद आंतों में होने वाली यह दूसरी सबसे आम बीमारी है। डायबिटीज और एचआईवी पाजिटिव रोगियों में इस बीमारी के होने का जोखिम सबसे ज्यादा रहता है।

टीबी एक खास तरीके की बैक्टीरिया माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के संक्रमण के कारण होता है। पेट की टीबी आंत (इंटेस्टाइन) के किसी भी हिस्से में हो सकती है। यह छोटी आंत, बड़ी आंत, अपेंडिक्स, कोलन, रेक्टम आदि में हो सकती है। इसकी वजह से आंत जकड़ जाती है। पेट की टीबी का यदि पहले तीन महीने में पता चल जाये तो इसका उपचार आम टीबी की तरह आसानी से हो सकता है, लेकिन इसकी सबसे बड़ी चुनौती यही है कि यह जल्दी पकड़ में नहीं आता। जब तक यह पकड़ में आता तब तक टीबी आंतों को गंभीर नुकसान पहुंचा चुका होता है।

**पिछले कुछ समय से अपना रूप बदल रही है टीबी :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एनटीईपी कंसल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया, आमतौर पर टीबी को हम मुंह से खून आना, रात को बुखार आना, बार-बार खांसी होना जैसे लक्षणों से पहचानते हैं। हमारी धारणा रही है कि टीबी फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन पिछले कुछ समय से टीबी अपना रूप बदल रही है। यह शरीर के अन्य हिस्सों जैसे- पेट, स्पाइनल कॉर्ड, हड्डी, ब्रेन, यूटरस, ओवरी तक में भी हो सकता है। इसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस के मामले हाल के वर्षों में काफी तेजी से बढ़े हैं।



**अल्ट्रासाउंड में यह बीमारी पकड़ में नहीं आती :** पेट की टीबी का पता लगाने के लिए दर्द वाले हिस्से में कोलोनोस्कोपी, एंडोस्कोपी या लिंफ नोड की बायोप्सी की जाती है। अल्ट्रासाउंड में यह बीमारी पकड़ में नहीं आती। अगर छोटी आंत (स्मॉल इंटेस्टाइन) में टीबी है, तो एंडोस्कोपी में पता लगता है। वहीं बड़ी आंत, कोलन और रेक्टम की टीबी का कोलोनोस्कोपी में पता लगता है। जांच होने के बाद स्टैंडर्ड टीबी का इलाज चलता है, जो 6 महीने से लेकर 12 महीने तक का हो सकता है। इसके अलावा रोगी का मोंटेक्स टेस्ट (स्किन टेस्ट) व ईएसआर द्वारा भी टीबी का पता लगाने की कोशिश की जाती है।

### इन लक्षणों की न करें अनदेखी

- ⇨ पेट की टीबी के शुरूआती लक्षण, फूड प्वाइजनिंग और अपेंडिक्स के दर्द जैसे ही होते हैं।
- ⇨ खाते ही उल्टी हो जाना, पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द का महसूस होना, बार-बार दस्त होना, मल के साथ खून या मवाद आना, कब्ज का बहुत समय तक ठीक न होना, अचानक वजन कम होने लगना, अचानक से भूख कम लगना आदि लक्षण होने पर डॉक्टर से परामर्श लें।

### पेट की टीबी से बचाव के लिए ये जरूरी :

- ⇨ पेट की टीबी होने का सबसे प्रमुख कारण दूध को बिना उबाले पीना है, इसलिए दूध हमेशा अच्छी तरह उबाल कर ही पीएं। कच्चा दूध पीने से आंतों की टीबी का खतरा होता है। हल्के उबालने की स्थिति में भी टीबी का बैक्टीरिया ठीक सेनष्ट नहीं होता।
- ⇨ फेफड़ों की टीबी से भी यह रोग इंटेस्टाइन तक पहुंचता है। ऐसे में फेफड़ों की बीमारी वाले मरीज के खांसते समय उससे दूर रहें।
- ⇨ धूम्रपान वाली चीजों को टीबी के मरीज से शेयर करने पर भी यह बीमारी हो सकती है।
- ⇨ बाजार की किसी भी खाने वाली चीज को अच्छी तरह धोने के बाद ही इस्तेमाल करें।
- ⇨ बंद व गंदगी वाली जगहों में रहने से टीबी का संक्रमण हो सकता है, इसलिए हमेशा साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- ⇨ डायबिटीज के रोगियों को भी इस बीमारी से खतरा होता है, क्योंकि उनके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।

## प्रॉपर्टी डीलर सहित दो लोगों के घरों में तोड़फोड़, डायल 112 पुलिस पर भी रोड़ेबाजी

# गाड़ी पार्किंग के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, आधा दर्जन लोग जख्मी

- ■ नूतन छात्रावास के समीप मारपीट और रोड़ेबाजी के बाद मची रही अफरातफरी
- ■ मारपीट में छात्रावास के दो छात्र और एक पुलिस कर्मी सहित अन्य चोटिल
- ■ एएसपी के नेतृत्व में मौके पर पहुंच पुलिस ने मामले को किया शांत

केटी न्यूज/आरा

नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला स्थित नूतन छात्रावास के समीप सोमवार की दोपहर छात्रों और मोहल्ले के लोगों के बीच झड़प हो गयी। इस दौरान जमकर मारपीट और रोड़ेबाजी की गयी। इसमें छात्रों सहित करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। एक पुलिस कर्मी को भी चोटें आयी है। फायरिंग की बात कही जा रही है। छात्रों की ओर से मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम पर रोड़ेबाजी करने और हिरासत में लिये एक छात्र को भी छुड़ा लिये जाने की बात भी सामने आ रही है। मोहल्ले में रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर सहित दो लोगों के घरों में घुस तोड़फोड़ भी की गयी है। इसे लेकर मोहल्ले में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में नगर व नवादा सहित आधा दर्जन थानों की पुलिस पहुंची। उसके बाद मामले को शांत कराया जा सका। घायल छात्रों में शिवम कुमार और मनीष कुमार शामिल हैं।



घटना के बाद अस्पताल में इलाजरत जख्मी लोग

दोनों इमादपुर इलाके के रहने वाले हैं, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष के रवि मिश्रा सहित अन्य को चोटें आने की बात कही जा रही है। एक ओर मोहल्ले में रहने वाले लोग गाड़ी पार्किंग के विवाद में छात्रावास में रहने वाले छात्रों पर मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं। इधर, छात्रों की ओर से का कहा जा रहा है कि सरस्वती पूजा का चंदा मांगने को लेकर रवि मिश्रा सहित अन्य लोगों द्वारा मारपीट की गयी। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्रावास में रहने वाले कुछ छात्रों और लोकल लोगों के बीच पूर्व में गाड़ी पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। उसी विवाद में दोनों पक्षों के बीच मारपीट और रोड़ेबाजी की बात सामने आ रही है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस भी रोड़ेबाजी की गयी है। इस मामले में अलग से एक केस किया जायेगा। वहीं मारपीट और रोड़ेबाजी को लेकर भी केस करने का आदेश दे दिया गया है। एएसपी के नेतृत्व में पुलिस घटना में शामिल लोगों की पहचान और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## एक नजर

### प्रतिभा खोज के लिए 15 तक लिए जाएंगे आवेदन



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में विशेष महोत्सव एवं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 27 फरवरी एवं विशेष महोत्सव का आयोजन 28 फरवरी को स्थानीय अब्दुलबारी नगर भवन में किया जाएगा। प्रतिभा खोज के लिए 15 फरवरी, 2023 तक आवेदन प्राप्त किया जाएगा। साथ ही प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग श्रेणियों यथा आयु वर्ग 18 वर्ष एवं उससे कम तथा आयु वर्ग 18 वर्ष के ऊपर के प्रतिभावान कलाकारों को विभिन्न कला विधाओं - एकल गायन, समूह गायन, समूह नृत्य, फोटोग्राफी,स्टैंड अप कॉमेडी, क्विज, चित्रकला, मूर्तिकला, वक्त्रता, लघु नाटक(समूह), एकल नाटक इत्यादि में चयनित किया जाएगा। उक्त का आवेदन जिला सामान्य शाखा में कार्य दिवस को प्राप्त किया जाएगा। 28 फरवरी को आयोजित होने वाले विशेष महोत्सव में निजी एवं सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं कवि सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए 23 फरवरी को स्क्रीनिंग की जाएगी।

### प्रत्येक नर नारियों को एकादशी व्रत नियम से निराहार रहकर करना चाहिए : पुरुषोत्तम



**जहानाबाद।** श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह सत्र के छठे दिन श्री साईं दर्शन मंदिर साईं धाम विजयनगर जहानाबाद में कथा व्यास आचार्य पुरुषोत्तम शरण महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा को आगे बढ़ाया। सोमवार की कथा में बालकृष्ण के द्वारा मनोहारी एवं नटखट चरित्र इसमें माखन चुराना मटके फोड़ना गोपियों को छेड़ना के साथ शरद पूर्णिमा में गोपियों के संग रास रचाने के चरित्र का अद्भुत वर्णन किया। रात में भगवान भोलेनाथ का नारी रूप धारण करना की कथा को सप्रसंग एवं अद्भुत व्याख्या प्रस्तुत की कथा में पुरुषोत्तम शरण महाराज ने व्रत में एकादशी व्रत को व्रतों का राजा कहा। बताया कि प्रत्येक नर नारियों को एकादशी व्रत नियम से निराहार रहकर करना चाहिए। उन्होंने कथा में बताया कि पति-पत्नी के संबंधों को धर्म के साथ संयोजित कर एक दूसरे को सुमार्ग पर लाने एवं चलाना ही परम पवित्र कार्य है। भक्ति में रोम रोम शहर जाए आंखों से अश्रु धर्म है एवं गला रूंध जाए तो समझो भक्तों की भक्ति सार्थक हो रही है। प्रसंग में श्री कृष्ण रुक्मणी उत्सव की कथा का अद्भुत एवं मनमोहक मंत्रमुग्ध कर देने वाली झांकियों का भी निरूपण किया गया। झांकी को देखकर पंडाल में उपस्थित हजारों नर नारियों ने रोमांचित होते हुए बहुत सारे उपहार चढ़ाकर पूजा-अर्चना भी की।

## श्री श्री गौर निताई की भव्य शोभा यात्रा में 35 फीट ऊंचा होगा रथ

**जहानाबाद।** जिले के इस्कॉन मंदिर केंद्र के द्वारा 12 फरवरी को श्री श्री गौर निताई की भव्य शोभा यात्रा गांधी मैदान से निकाली जाएगी। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहा अंबेडकर चौक अंबेडकर चौक अरवल मोड़ हॉस्पिटल मोड़ बस स्टैंड से हॉस्पिटल मोड़ होते हुए होरीलगंज आएगी। इसकी जानकारी केंद्र प्रबंधक अमर कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि चैतन्य महाप्रभु के जन्मोत्सव से पहले 12 फरवरी को भगवान श्रीकृष्ण और नित्यानंद प्रभु भगवान बलराम विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। बताया कि शोभा यात्रा में आकर्षण का केन्द्र 35 फीट ऊंचा रथ होगा। इस रथ को रंगीन कपड़ा, फूल व लाइट से साज-सज्जा की जाएगी। रथ यात्रा के दौरान और समापन पर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस्कॉन केंद्र प्रबंधक ने बताया कि श्रद्धालु रथ खींच भगवान को नगर भ्रमण कराएगें। भक्त रथ के सामने कीर्तन करते हुए नाचते-झूमते जयकारा लगाते हुए चलेंगे। रथ यात्रा में शामिल होने के लिए इस्कॉन गया के अध्यक्ष जगदीश श्याम प्रभुजी अपनी टीम के साथ जहानाबाद आएगें।

## प्रोफेसर दंपति हत्याकांड में जल्द पकड़े जायेंगे अपराधी: डीआईजी

केटी न्यूज/आरा

जिले के नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा निवासीचर्चित प्रोफेसर दंपति मर्डर मिस्ट्री की तफ्तीश तेज हो गयी है। घटना की गुत्थी सुलझाने शाहाबाद डीआईजी नवीन चंद्र झा खुद सोमवार को आरा पहुंचे। उन्होंने एसपी प्रमोद कुमार के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। परिजनों से जानकारी ली। उसके बाद अफसरों के साथ घटना की समीक्षा की। डीआईजी ने कहा कि मामला डिटेक्ट हो गया है। अभियुक्तों को



जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसके लिए टीम छापेमारी कर रही है। सोमवार दोपहर आरा पहुंचे डीआईजी कतीरा वीर कुंवर सिंह नगर स्थित प्रोफेसर दंपति के घर पहुंचे। उन्होंने पूरे घर में घूम-घूमकर घटना का जायजा लिया। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। प्रोफेसर दंपति के परिजनों से मुलाकात की और घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने अफसरों से भी अबतक की गयी कार्रवाई की जानकारी ली। वहीं हत्याकांड से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से जांच की। उन्होंने कहा कि हत्याकांड से संबंधित साक्ष्य मिले हैं। कांड पूर्णतः डिटेक्ट हो चुका है। घटना में वांछित अपराधियों को बहुत जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। बता दें कि सोमवार तीस जनवरी की रात कतीरा वीर कुंवर सिंह नगर निवासी प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह और उनकी पत्नी पुष्पा सिंह का शव उनके फ्लैट से बरामद किया गया था। दोनों की धारदार हथियार से हत्या की गयी थी। प्रोफेसर दंपती के घर से करीब दो लाख नगद, जेवरात और दंपति का मोबाइल लूट लिया गया था। उसे लेकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस की ओर से सीसीटीवी फुटेज के जरिए एक संदिग्ध को चिन्हित किया गया है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

## हृदय विकार से ग्रसित बच्चों की अधिक देख भाल की जरूरत

# बच्चों में सांस फूलने व सुस्ती को ना करें नजरअंदाज

● गर्भवतियों को रहन सहन के साथ-साथ खानपान में बदलाव लाने की आवश्यकता

केटी न्यूज/सासाराम

जन्म से हृदय की बीमारी बच्चों के लिये एक बड़ी बीमारी बनती जा रही है। यदि समय रहते इस बीमारी का पता न लगाया जाए तो तह बच्चों के लिए घातक साबित हो सकता है। जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित बच्चों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके लिए जरूरी है कि इस बीमारी के लक्षणों को पहचाना जाए। साथ ही इस बीमारी की पहचान कर जल्द से डॉक्टरी सलाह ली जाए। हालांकि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने के लिए केंद्र सरकार ने एक कार्यक्रम भी चलाया है। जिसमें 0 से 18 वर्ष के जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित बच्चों



के इलाज के साथ साथ आवश्यकता पड़ने पर इसका सर्जरी भी निःशुल्क करवायी जा रही है। बावजूद इसके गर्भवती महिलाओं को रहन सहन के साथ-साथ खानपान में थोड़ा बदलाव लाने की आवश्यकता है। ताकि बच्चों में जन्म से होने वाली हृदय बीमारी को रोक जा सके।

**जन्मजात हृदय रोग के प्रकार और लक्षण :** जन्मजात हृदय रोग में हृदय वाल्व दोष, हृदय की दीवार का दोष, हृदय रक्त वाहिका दोष एवं हृदय की मांशपेशियों में दोष मुख्य होता है। अगर शिशुओं में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण की बात करें तो स्तनपान करने में परेशानी, दूध पीते समय पसीना आना, छाती में बार बार संक्रमण, धड़कने तेज होना, बार बार तेज बुखार होने की शिकायत, सीने में अचानक तेज दर्द होना मुख्य है। बड़े बच्चों में जल्दी थकान महसूस करना, धड़कने तेज होना, चक्कर आना, खाने में परेशानी, हाई ब्लड प्रेशर की समस्या, उठने बैठने में दिक्कत होना मुख्य लक्षण माना जाता है।

### हृदय विकार से ग्रसित बच्चों की अधिक देख भाल की जरूरत: डॉ. नंदकिशोर चतुर्वेदी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के रोहतास जिला समन्वयक डॉ. नंद किशोर चतुर्वेदी ने बताया कि दिल के आकार में परिवर्तन या दिल में छेद की समस्या को जन्मजात हृदय विकार कहा जाता है। उन्होंने बताया कि जन्मजात हृदय विकार बच्चों में जन्म से ही होता है। साथ ही उन्होंने बताया कि देश मे 1000 बच्चों में से 10 बच्चे जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित हैं। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि बच्चों में कभी कभी यह बीमारी आनुवांशिक होती है। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को रूबेला वायरस होना भी इसका कारण माना जा सकता है। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान अधिक दवाई का सेवन करने से भी बच्चों को दिल की बीमारी हो सकती है। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों की देख भाल की अधिक आवश्यकता होती ही। साथ ही साथ घर में अगर किसी को दिल की बीमारी है तो गर्भावस्था के दौरान बच्चे का चेकअप नियमित रूप से कराते रहें। समय समय पर हृदय रोग विशेषज्ञ से बच्चों की जांच कराते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों में सुस्ती, स्वास्थ्य में गिरावट के साथ साथ सांस फूलने की समस्या को नजरअंदाज न करें। ऐसा प्रतीत होने पर तुरंत डॉक्टरी सलाह लें।



## खबरें फटाफट

### मंदिर के पास से बाइक चोरी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जंगलीनाथ शिव मंदिर के गेट के समीप खड़ी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक को उचक्कों ने चोरी कर ली। इसकी जानकारी मिलते ही पीड़ित ने अपने बाइक की काफी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नही मिला। इस मामले में पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर चोरों की शिनाख्त करने में जुट गयी है। पीड़ित बगेन गोला थाना के भादसारी गांव रहने वाला बबलू कुमार बताया जाता है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह डुमरांव में अपनी बहन को इंटरमीडिएट की परीक्षा दिलवाने आया था। इसी दौरान शिव मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचा था। वह गेट के समीप बाइक को खड़ा कर अंदर गया। कुछ देर के बाद बाहर निकला तो बाइक नदारद थी। बाइक काले रंग की बतायी जाती है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामले को दर्ज कर बाइक की खोजबीन शुरू कर दी गयी है।

### जादू टोना को ले मारपीट हुई

राजपुर। पुरैनी गांव में भूत प्रेत और जादू टोना को लेकर मारपीट हुई। दो घायल थाने में प्राथमिकी दर्ज राजपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव में भूत प्रेत और टोना टोटका को लेकर गांव के ही कंचन देवी पिता जगदंबा सिंह द्वारा थाने में आवेदन देकर यह कहा गया है कि गांव के ही अजय सिंह, विजय सिंह, सुमित सिंह समेत कुल पांच लोगों द्वारा मारपीट की गई है। जिसको लेकर महिला द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। उक्त महिला और उनके पति चंदन सिंह रवानी घायल अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंचे। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस आवेदन मिलते हैं अनुसंधान में जुट गई है।

# रघुनाथ जी का चरित्र हमेशा सबके लिए अनुकरणीय: आचार्य नरहरि दास

केटी न्यूज/बक्सर

- देखन नगर चले युगल किशोर भयो मिथिला में शोर
- महोत्सव के तीसरे दिन अखंड हरिकीर्तन व दोपहर में मिथिला प्रसंग की हुई कथा

सदर प्रखंड के हनुमत धाम कमरपुर गांव में आयोजित 15वें सद्गुरुदेव पुण्य स्मृति महोत्सव का तीसरा दिन श्री अखंड हरिकीर्तन एवं दोपहर श्री भक्तमाल के सामूहिक पाठ के साथ शुभारंभ हुआ। वहीं अयोध्या धाम से पधारे रामकथा के सुमधुर व्यास अनंत श्री विभूषित श्री आचार्य नरहरि दास जी महाराज ने श्रीराम कथा में मिथिला प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने ने बताया कि रामचरित मानस की प्रात काल उठी के रघुनाथा, मात-पिता गुरु नावहीं माथा।। को हर लोगों को गांठ बांध लेना चाहिए। नित्य सुबह उठकर अपने माता, पिता एवं गुरु को प्रणाम करके उनके आज्ञानुसार कार्य करना चाहिए, जिससे भविष्य अत्यंत उज्जवल हो जाता है। ऐसा करने से उनका आयु, विद्या, यश और बल में वृद्धि होती है। भगवान राम के बाल्यावस्था से लेकर किशोरावस्था तक के प्रसंग बड़े ही सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। कहा कि रघुनाथ जी का चरित्र हमेशा सबके लिए अनुकरणीय है। प्रभु हमेशा अपने भक्तों के प्रबल प्रेम के वश में रहते हैं। अपने भक्तों को सुख और आनंद देंते हैं।



कथा श्रवण को जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

**आके बक्सर में रघुवर कमाल कइले :** उन्होंने ने कथा में कहा कि जब महर्षि विश्वामित्र मुनि राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांग कर बक्सर लेकर आये। तब तड़का सुबाहु आदि राक्षसों को समाप्त करने के बाद रामजी यहां पांच दिनों तक रहे। जो आज भी विश्व प्रसिद्ध पंचकोशी मेला से जाना जाता है। बक्सर विद्वानों की भूमि रही है। वहीं, मामा जी महाराज द्वारा रचित "आके बक्सर में रघुवर कमाल कइले" गीत से पूरा भक्त झूम उठे। जिस तरह से सूर्य चमकते है उसी के भांति रघुवर बक्सर आकर सूर्य की भांति चमकने लगे। आगे मिथिला प्रसंग का वर्णन करते हुए कहे कि लखन लाल जी कभी फाटक, कभी प्रभु तो कभी गुरुदेव की ओर देखकर फिर नीचे धरती की ओर देखकर मुस्कुरा रहें हैं। यह दृश्य महर्षि विश्वामित्र देख रहे हैं। आज दोनों भाई श्रीराम लखन लाल जी कभी फाटक कभी आपस में एक दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराते हुए धरती की ओर निहारने लगते हैं। इससे तो ऐसा लगता है कि ये दोनों कुछ कहना चाहते हैं, किन्तु शील संकोच के मारे कह नहीं पा रहे हैं। अतः मेरी तरफ से इन्हें अनुमति मिल जाए, ताकि अपने मनोगत भाव को व्यक्त कर सकें। फिर गुरुदेव की अनुमति लेकर श्रीराम और लखन लाल जी नगर दर्शन के लिए निकल जाते हैं।

### दोनों भाइयों को देख मंत्रमुग्ध हुई नारी

आगे कहे कि झरोखों से जनकपुर की नारियां दोनों कुमारों की शोभा देखकर प्रफुल्लित हो रही हैं और हर ओर चर्चाओं में अवध के कुमार ही छाये हैं। महिलायें शगुन साध रही हैं कि इन दोनों में से ही यदि किसी का सीता जी से विवाह हो जाये तो कितना अच्छा होगा। जब इनकी हमारे राजा से रिश्तेदारी हो जायेगी तो इनका जनकपुर में आना जाना बना रहेगा और इस बहाने हम सभी को भी उनके मनभावन दर्शन प्राप्त होते रहेंगे. झरोखा सखियों के कर्णप्रिय गीतों ने अच्छा समां बांधा। देखन नगर चले युगल किशोर भयो मिथिला में शोर। जनकपुर की गली गली में विहरथ युगल किशोर, दोनों है चित चोर।। मिथिला की गलियां गलियां घूमे दोउ छलिया, देखु सहेलियां हे, एक अहै श्याम एक गोर।। आदि श्रीमामा जी महराज द्वारा रचित पदों के गायन से पूरा पंडाल गदगद हो गया।

## अतिक्रमण से कराह रही सड़क पर भीड़ बढ़ने से हुई परेशानी

# इंटर परीक्षार्थियों की भीड़ से चरमराई शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, घंटों जाम



डुमरांव रेलवे फाटक के पास लगी वाहनों की लंबी कतार

केटी न्यूज/डुमरांव

- स्टेशन से बाजार तक मुख्य सड़क पर पूरे दिन लगा रहा महाजार्म

अतिक्रमण से कराह रहा अनुमंडल मुख्यालय की सड़क पर सोमवार को जब इंटर परिक्षार्थियों की भीड़ उमड़ी तो सड़क की पूरा व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई। छात्र छात्राओं के अविभावक तथा लगन की भीड़ से स्टेशन रोड की सड़क पर पूरे दिन भीषणे जामे लगा रहा। रेलवे स्टेशन से लेकर बाजार के आखिरी छोर तक मुख्य सड़क पर लगा भयंकर जाम में फंसे स्कूली बच्चे तथा आम लोग लाचार व विवश बने रहे। स्टेशन रोड की सड़क पर अतिक्रमण पहले से कायम है। शहर में वाहनों के परिचालन का सिस्टम पहले से ही ध्वस्त है। टेम्पो तथा बसों के बेतरतीब परिचालन का सौगाते जामे के रूप में है। अहले सुबह से देर शाम तक स्टेशन रोड की सड़के जामे के गिरफ्त में है। इंटर परीक्षार्थियों के लिए केन्द्र के पास सजी ठेला पर दुकान बाइक और टेम्पो से जाम का झाम बढ़ गया। बाजार में बस स्टैंड पर ठेला चालक तथा दुकानदार पहले से कब्जा जमाए बैठे है। बसों के आने जाने के वक्त ठेला चालक दुकानदार और अधिक बेलगाम हो जाते है।

इंटर परीक्षो के पहले ही दिन से डुमरांव में जामे की गंभीर स्थिति से प्रशासन रूबरू हुआ है। बावजूद इसके जाम से निजात के लिए प्रशासन के स्तर पर कोई कारगर प्रयास नहीं किया गया है। जाम को हटाने के लिए पुलिस को पूरे दिन काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्टेशन रोड की सड़क पर ठेला लगा कर फल की बिक्री ठेला पर चाय नास्ता की दुकानें तथा ठेला लगाने वालों का जगह फिक्स होने सड़क पर लगा जाम टसमस नहीं हो रहा था। ठेला चालक अपने जगह पर जमे रहे। बाकि जगह पर टेम्पो और बाइक का कब्जा रहा। आखिरकार पुलिस की घंटों मशक्कत के बाद जब जाम हटा तबतक कई लोगों का जरूरी काम का नुकसान हो चुका था। उधर लग्न की भीड़ ने जाम की स्थिति को और अधिक खराब कर दिया है। जाम में फंसे लोग शहर की व्यवस्था तथा बायपास रोड नहीं होने को लेकर सिस्टम को कोसते रहे।

### ट्रैफिक सुधार में नहीं दिखी पुलिस व्यवस्था

डुमरांव में जाम से निजात पाने के लिए प्रशासन द्वारा कही भी पुलिस बल की तैनाती नही की गयी थी। शहर के अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी रिजर्व वाहनों के साथ पहुंचे थे, जो परीक्षा के बाद अपने घर जाने के लिए निकले कि सड़कों पर जाम में घंटो फंसे रहे। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे दुकानें लगाये जाने से वाहनो के आवागमन में परेशानी होती है। इसके साथ ही ऑटो और बाइक जहां-तहां खड़े रहने से जाम लग जाता है। प्रशासन ऐसी हालत में सड़क पर दिखाई नही देती जिस वजह से आम राहगीरों को इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। छात्राओं ने बताया कि सड़कों पर वाहनो की लंबी कतारों से घंटो सड़क किनारे खड़ा रहना पड़ा। वहीं पैदल गुजरने वाले राहगीरों का कहना है कि मुख्य सड़क से पैदल गुजरना भी मुश्किल हो गया है। आये दिन जाम से सड़क को पार करना मुश्किल हो जाता है।

### नहीं हुआ कोई भी निष्कासित

**बक्सर।** जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचनानुसार प्रथम पाली जीव विज्ञान में कुल छात्रों की संख्या 2477, उपस्थित छात्रों की संख्या 2448, अनुपस्थित छात्रों की संख्या 29 एवं निष्कासित छात्रों की संख्या शून्य हैं। द्वितीय पाली में राजनीति शास्त्र और बिजनेस स्टडी में कुल छात्रों की संख्या 8276, उपस्थित छात्रों की संख्या 8177, अनुपस्थित छात्रों की संख्या 99 एवं निष्कासित छात्रों की संख्या शून्य है। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचनानुसार बक्सर जिला के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## एक नजर

### जात ना पूछो संत की पूछ लो तुम ज्ञान, मोल करो तलवार की रखन रहे दो म्यान



**बक्सर।** संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती बड़े ही श्रद्धा भाव से क्षेत्र में मनाई गई देव सॉन्ग संत गुरु रविदास जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा कर रविदासिया समाज ने बड़े ही श्रद्धा भाव से पूजन अर्चन किया। इस मौके पर संत श्री रविदास जी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए नादाव गांव निवासी मुन्ना दुबे ने कहा कि ₹जात ना पूछो संत की पूछ लो तुम ज्ञान; मोल करो तलवार की रखन रहे दो म्यान₹ संत किसी जाति विशेष में नहीं बनते हैं उनकी अंतरात्मा की प्रकाशना ही संतत्व को सिद्ध कर देती है। देशकाल गवाह है कि संतों का जीवन उन्मुक्त रहा है। इस धरा पर जिन जिन संतों का अवतरण हुआ है।सर्व समाज के कल्याण के लिए अपनी आध्यात्मिक शक्ति से समाज को कुछ देने का ही कार्य किया है। ऐसे ही संत श्री रविदास जी महाराज निम्न कुल जन्मा होने के बावजूद भी सामाजिक समरसता और निरंकार की उपासना का जो मूल मंत्र दिया वह आज भी प्रासंगिक है।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक भजनों का रसास्वादन उपस्थित श्रोता भाव विभोर होकर करते रहे। इस आयोजन में शांति नगर निवासी सोनू कुमार नीरज कुमार विनोद कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### शिविर में 70 छात्रों की हुई स्वास्थ्य जांच



**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तुराव पट्टी में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से विद्यालय के छात्रों का स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही स्वास्थ्य जांचोपरांत जरुरतमंद छात्रों के बीच दवा का वितरण किया गया। छात्रों का स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण डुमरांव के डॉ. केके झा ने निःशुल्क किया। शिविर में चिकित्सक ने छात्रों को स्वास्थ्य संबंधित कई आवश्यक जानकारी दिया। साथ ही बीमारी की पहचान एवं तत्कालीन उपचार के बारे में विस्तार से बताया। शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभाकर कुमार ने किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में शिविर लगाकर 70 छात्रों का स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद जरुरत मंद छात्रों को मुफ्त दवा दी गई। उन्होंने बताया कि छात्रों को स्वास्थ्य जांच समय-समय पर होनी चाहिए। जिससे की छात्र स्वस्थ्य रहे। मौके पर शिक्षक विनय शंकर गौरी शंकर तिवारी रमेश रावत विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष आशा देवी सचिव उमरावती देवी समेत्र अभिभावकगण मौजूद थे।

### चकनी गांव में चली गोली, जांच में जुटी पुलिस



**ब्रह्मपुर।** थाना क्षेत्र के हरनाथपुर पंचायत अंतर्गत चकनी गांव में तीन राउंड गोली चलने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार चकनी गांव निवासी नंद जी यादव का पुत्र करण यादव शराब का तस्कर है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस छापेमारी करने गई थी, लेकिन पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा। पुलिस खाली हाथ वापस चली आई। तभी करण यादव ने अपने पड़ोसी से गाली गलौज करने लगा। वहीं आसपास के लोगों का मानना है कि करण यादव एवं अर्जुन यादव के द्वारा अपने ही पड़ोसी वीर विजय सिंह के ऊपर तीन राउंड गोली चला दी। गोली की तड़-तडहट सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने बताया कि करण यादव गुंडा प्रवृत्ति का है। पूर्व में दो बार जेल जा चुका है। शराब के मामले में उसके घर पर छापामारी की गई थी। उसी से आक्रोशित होकर वह अपने पड़ोस पर आरोप लगाते हुए उसके साथ झगड़ा कया और तीन राउंड गोली चलायी। वहीं, वीर विजय सिंह ने करण यादव और अर्जुन यादव के खिलाफ आवेदन दिया है। आरोपी के खिलाफ छापेमारी की जा रही है।

### परिजनों के साथ मारपीट कर रहा युवक धराया

**नावानगर।** सिकरौल के बसाव से शराब के नशे में परिजनों के साथ मारपीट कर रहा युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार शराबी मुहम्मद मुन्ना है। इसकी पुष्टि करते हुए सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा सूचना दी गई थी, कि मुहम्मद मुन्ना शराब के नशे में उनके साथ मारपीट कर रहा है। सूचना पर थानाध्यक्ष ने गश्ती दल को शराबी युवक के घर भेजा। जहां गश्ती दल ने शराबी युवक को धर दबोचा। साथ ही नावानगर सीएचसी में मेडिकल जांच कराया। मेडिकल जांच में अल्कोहल सेवन की पुष्टि होने पर शराबी युवक को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया।

## दहेज उत्पीड़न के खिलाफ पांच पर प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड मोहल्ले की रहने वाली एक विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न को लेकर अपने पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ डुमरांव थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है।

महिला का ससुराल मंगोलपुरी थाना राजपार्क उत्तर पश्चिमी नई दिल्ली बताया जाता है। पीड़िता ने दहेज उत्पीड़न को लेकर अपने पति प्रदीप शर्मा, भसुर संजीव शर्मा सहित पांच के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने अपने दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरी शादी वर्ष 2015 में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार धूमधाम से हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा बाइक और एक लाख रुपये नगद राशि की मांग की जाने लगी। रुपये और बाइक को लेकर मेरे साथ मारपीट और प्रताड़ित किया जाना लगा। जब मैंने इसका विरोध किया तो ससुराल वालों ने घर से बेघर कर दिया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पीड़िता के बयान पर पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

## कांग्रेस कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा के नेतृत्व में बक्सर एलआईसी ऑफिस एवं एसबीआई ऑफिस के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में एलआईसी के 33 हजार करोड़ पॉलिसी धारकों के निवेशकों के नुकसान के साथ ही एसबीआई के तकरीबन 80 हजार करोड़ बकाया को लेकर के प्रदर्शन किया गया। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी का मांग रहा कि इस मुद्दे पर जेपीसी जांच हो। अडानी का पासपोर्ट जब्त किया जाए ताकि अन्य भगोड़ा की तरह भारत की मजदूर गरीब की कमाई लेकर दूसरे देश में न भाग जाए।

## शराब की खेप के साथ जिला पार्षद प्रतिनिधि गिरफ्तार

केटी न्यूज/डुमरांव




रविवार की देर शाम कोरान सराय पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोरान सराय-मठिला रोड में तस्कर शराब की खेप पहुंचाने की फिराक में है। मामले की पुष्टि होते ही थानाध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों के द्वारा इलाके में सघन छापेमारी कर 66 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ डुमरांव पश्चिमी क्षेत्र से महिला जिला पार्षद के प्रतिनिधि राम अवधेश प्रसाद, पिता स्व. लल्लू प्रसाद और सिकरौल थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी अक्षय कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान चोरी की एक बाइक भी जब्त की गई। जिसे शराब की खेप पहुंचाने में प्रयोग किया गया है। हालांकि पुलिस की भनक पाकर मुख्य तस्कर फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए कोरान सराय पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के बसगितिया गांव निवासी और शराब के मुख्य तस्कर सरोज यादव पिता भैया लाल यादव गिरफ्तार दोनों धंधेबाजों के सहयोग शराबबंदी कानून को ताक पर रखकर इलाके में शराब की सप्लाई कर रहे थे, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के साथ गिरफ्तार जिला पार्षद के प्रतिनिधि थाना क्षेत्र के मठिला गांव के निवासी हैं और फिलहाल कोरान सराय में रहते है। पूर्व में भी शराब मामले में अंदर की हवा खा चुके है। यही नहीं दूसरा आरोपी अक्षय कुमार भी शराब मामले में जेल जा चुका है।

## आत्मा के तत्वावधान में देशी के एक वर्षीय प्रशिक्षण का छठवां बैच शुरू, कृषि इनपुट विक्रेताओं को किया जाएगा प्रशिक्षित

# अच्छी खबर: देशी डिप्लोमाधारी बनेंगे कृषि इनपुट विक्रेता

- परीक्षा में उतीर्ण तथा शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज व्यक्तियों को ही दिया जायेगा प्रमाण-पत्र

केटी न्यूज/बक्सर

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), बक्सर अब खेती-बाड़ी के दुकानदारों को हाईटेक बनाने की कवायद शुरू कर दी है। संयुक्त कृषि भवन, बक्सर के प्रांगण में दिनांक 06 फरवरी को देशी कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अब आगामी दिनों में देशी डिप्लोमाधारी व कृषि तथा विज्ञान में स्नातक व्यक्ति ही उर्वरक, कीटनाशक व बीज का दुकान खोल सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान व्यवस्था में स्थानीय अप्रशिक्षित डीलर किसानों को गलत तरीके से कीटनाशक, तृणनाशक, फंगीनाशक का फसलों में व्यवहार कराकर फसल को बर्बाद कर देते हैं। उन्होंने मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर इनपुट डिलरों को चेताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणोपरांत मैनेज हैदराबाद के प्रतिनिधि की उपस्थिति में परीक्षा लिया जायेगा। उस परीक्षा में उतीर्ण तथा शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज व्यक्तियों को ही प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।




### पाठ्यक्रम हेतु 20000 रुपए शुल्क निर्धारित

इनपुट डीलरों के लिए कृषि विस्तार सेवाओं में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम, जिसको संक्षिप्त रुप में देशी नाम दिया गया है। पाठ्यक्रम की रुपरेखा भारत सरकार की संस्था मैनेज, हैदराबाद द्वारा तैयार की गयी है। जिसे देश के सभी राज्यों में संचालित किया जाना है। इस पाठ्यक्रम में बीज, उर्वरक व कीटनाशक सम्बंधी सभी आधारभूत जानकारी समाहित है जिसे इनपुट डीलरों के बीच साप्ताहिक पढ़ाई करायी जायेगी। प्रति वर्ष 40 इनपुट डीलरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित है। देशी पाठ्यक्रम हेतु बीस हजार रुपये शुल्क निर्धारित है। जिसे दो मोड यथा कृषि विभाग द्वारा निबंधित डीलर तथा स्वतंत्र व्यवसायी में वगीर्कृत किया है। निबंधित डीलर को दस हजार तथा अनिबंधित लोगों को बीस हजार शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रुप में जमा कराने होंगे।

**पाठ्यक्रम आयोजन की जवाबदेही :** इस पाठ्यक्रम को संचालित करने हेतु आत्मा को नोडल एजेंसी नामित किया गया है, जिसके देखरेख में देशी कोर्स संचालित होगा। इनपुट डीलरों की सूची जिला कृषि पदाधिकारी, आत्मा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को उपलब्ध करायेंगे तत्पश्चात आत्मा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर इनपुट डिलरों हेतु केवीके या अन्य स्त्रोत से सुसज्जित पाठशाला चलायेंगे। हालांकि सरकार के राज-पत्र के अनुसार कृषि, विज्ञान में स्नातक लोगों को देशी पाठ्यक्रम की जरुरत नहीं होगी। आत्मा के परियोजना निदेशक-सह-जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि देश पाठ्यक्रम के लिए फैसीलीटेटर के तौर पर राम गोपाल पाण्डेय का नियोजन किया गया है। फैसीलीटेटर पाण्डेय की देखरेख में देशी के सम्पूर्ण कक्षाओं का संचालन, क्वीज परीक्षा, मीड टर्म परीक्षा का आयोजन होगा। मौके पर फैसीलीटेटर रामगोपाल पाण्डेय, उप परियोजना निदेशक बेबी कुमारी, सहायक निदेशक,रसायन वसुंधरा, सहायक भूमि संरक्षण पदाधिकारी रामदयाल सिंह, आत्माकर्मी विकास कुमार राय, त्रिपुरारीशरण सिन्हा, दीपक कुमार, सत्येन्द्र राम, चंदन कुमार सिंह सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### आज होगा इन्वेस्टर समिट का आयोजन

**बलिया।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र बलिया ने बताया है कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट -2023 की भांति जनपद में भी इन्वेस्टर समिट -2023 का आयोजन 7 फरवरी 2023 को गंगा बहुउद्देशीय सभागार बलिया में पूर्वाहन 11:00 बजे किया जाएगा। अत: सभी उद्यमियों, उद्यमि व व्यापारिक संगठनों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में इस समिट में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और जनपद में अधिक से अधिक निवेश करें।

### विद्युत उपकेंद्र पर धरना आज

**बलिया।** विद्युत विभाग के कथित दुर्व्यवहार के विरोध में खिलाफ भाकपा माले 7 फरवरी को 11:00 बजे दिन में विद्युत उपकेंद्र मनियर पर धरना देगी। भाकपा माले ने वकायदा पर्चा बांटे हैं जिसमें आरोप लगाया गया है कि बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से मनियर क्षेत्र की जनता आतंकित है। कस्बा के व्यापारी व आम आदमी काफी परेशान हैं। कोई भी दुकान किराए पर लिया है उस पर एक लाख रुपए का बिल, कोई ऑनलाइन बिजली का आज आवेदन दिया है उसको कनेक्शन न देकर छियासी हजार रुपए का बिल, किसी का 1 महीने का बिल एक हजार एक सौ रुपए तो दूसरे महीने का ग्यारह हजार रुपए का बिल, किसी का कोई बकाया नहीं फिर भी स्थानीय अधिकारी व कर्मचारी एक हजार तीन सौ रुपए का बिल बना दिए हैं। भयानक मन माना पन है ।कई बार अन्य अधिकारियों से वार्ता हो गई। कोई नतीजा नहीं निकला। अंतत: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले 7 फरवरी दिन मंगलवार को 11:00 बजे दिन को परशुराम स्थान मनियर पर एकत्रित होकर मनियर विद्युत उप केंद्र पर जाएगी।

### 20 किग्रा गांजा के साथ तीन धराए

**मऊ।** कोपागंज के सहरोज पुल के पास ई रिक्शा में तीन युवक बैठकर गांजा के साथ कही बेचने जा रहे थे। लेकिन पुलिस तीनों को गांजा के साथ गिरफ्तार कर थाने ले आयी। बताया जाता है कि सोमवार को मामले की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष एवं स्वाट प्रभारी अमित कुमार मिश्रा दल बल के साथ पूल के पास पहुंच ई रिक्शा को रुकवाया तो उसमें बैठे तीनो युवक भागने की कोशिस किये लेकिन सभी को पकड़ लिया गया। जब बोरी खोला गया तो उसमें 20.700 किग्रा गांजा था। पुलिस तीन युवकों को पकड़ कर थाने लायी। जिसमे एक अनिल यादव, दूसरा युवक शिवम गुप्ता उर्फ ईश गुप्ता व तीसरा हरीश राय उर्फ गोल्डन राय है। पुलिस ने तीनों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में सम्मानित की गईं महिलाएं व बच्चियां

- बलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में केक काटकर मनाया गया बेटी का जन्मोत्सव

**केटी न्यूज/बलिया**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत सोमवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा ब्लॉक बेलहरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवानी के अधीक्षक डॉ. मुकर्रम अहमद ने केक काटकर बेटी का जन्मोत्सव मनाया। साथ ही 80 बालिकाओं और महिलाओं को सम्मानित किया जिन्हें बेबी किट,



बेबी कंबल, मिष्ठान, सम्मान पत्र, जलपान, फूल माला दिया गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के महिला कल्याण विभाग से महिला कल्याण अधिकारी पूजा सिंह, निकिता सिंह जिला समन्वयक, पुनम राजभर बीपीएम राकेश कुमार सिंह बीसीपीएम संजय कुमार यादव समस्त आशासंगिनी एवं आशा और लाभार्थियों व कई संगठनों की बैठकें आयोजित की गई हैं और शिशु लिंग अनुपात से संबंधित स्पष्ट रूपरेखा तैयार कर ली गई है। बीसीपीएम संजय यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मंत्री कन्या सुमंगला योजना की पात्रता की अर्हताए एवं आनलाइन की प्रक्रिया के संबंध में महिलाओं को जानकारी दी गई है। समुदाय के लोगों से संपर्क करने के लिए और इस योजना का व्यापक रूप से प्रचार करने के लिए जागरूकता बढ़ाने से संबंधित कार्य चलाए जा रहे हैं। विभिन्न स्कूलों, सैनिक स्कूलों तथा सरकारी विभागों कर्मचारियों इत्यादि की प्रमुख भागीदारी से रैलियां आयोजित की गई हैं।

## दिया संदेश... बेटियां घर की शान हैं, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगे

**गाजीपुर।** जिला प्रशासन एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ यश योजनांतर्गत कन्या जन्मोत्सव एवं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम जनपद के समस्त पीएचसी सीएससी एवं जिला चिकित्सालय पर मनाया गया। सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र सैदपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर दीप प्रज्वलित एवं भगवान गणेश की मूर्ती पर माल्यापर्ण एंव उपस्थित बच्चो के साथ केक काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा बच्चों का अन्न प्रासन कराया गया। इस दौरान तहसील सैदपुर सीएससी क्षेत्र की ऐसी महिलाओं को बुलाकर उन्हें सम्मानित किया गया जिन्होंने माह जनवरी 2023 में बच्चियों को जन्म दिया है। जिसमें 65 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें यह संदेश दिया गया कि बेटियां घर की शान हैं, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगे, बेटियों का स्वागत किया जाए तथा उनके स्वास्थ्य, शिक्षा पर ध्यान देते हुए उनके जीवन को सशक्त बनाते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की जाये। उन्होने कहा कि इस अभियान के तहत इस जनपद मे लिंगानुपात पर अच्छा प्रभाव पडेगा। इस पर जोर दिया जाए । उन्होंने भूण हत्या पर जवाब देते हुए कहा कि इस तरह की घृणित कृत्य करने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी तथा भूण हत्या की सूचना देने वाले को सम्मानित भी किया जाएगा। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अन्धऊ मे कार्यक्रम आयोजित कर 50 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग तथा महिला कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरा वेंडर, परिवार में छाया मातम

# मऊ में एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत तो दूसरे की सड़क दुर्घटना में गई जान

**केटी न्यूज/मऊ**

मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर सोमवार को प्रातः 10:30 बजे गोदान एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 40 वर्षीय रेलवे वेंडर घनश्याम यादव की मौत हो गई। वह बलिया के बेल्थरा रोड का रहनेवाला था। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार छपरा से चलकर लोकमान्य तिलक को जाने वाली गोदान एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही सोमवार को 10:27 पर मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची इसके बाद ट्रेन वहां से 10:30 पर रवाना हुई।

जैसे ही ट्रेन चली की रेलवे स्टेशन पर रेलवे टेंडर घनश्याम यादव कुछ बेचने के लिए ट्रेन में चढ़ने लगा । इस बीच वेंडर का पैर अचानक फिसल गया। जिसके चलते वह चलती ट्रेन के नीचे आ गया और रेलवे स्टेशन ट्रैक पर ही उसका दोनों पैर बुरी तरह से कट



गया। इसके बाद जब ट्रेन आजमगढ़ के लिए रवाना हो गई। रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर राजकुमार गुप्ता ने इसकी सूचना आरपीएफ, जीआरपी, एवं स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दिया । स्टेशन अधीक्षक ने 108 नंबर एंबुलेंस को भी सूचना दिया । घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 नंबर एंबुलेंस ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक के ट्रैक पर बुरी तरह से जख्मी हालत में पड़ा वेंडर को तुरंत एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद गोहना ले गया। लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने जब उसकी जांच की तो पता चला कि इसकी कुछ देर पहले ही मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## समय पर नहीं मिला इलाज ज्यादा खून बहने से हुई मौत

**मऊ।** भीमपुरा थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव के पास विपरित दिशा से आ रहे एक पिकअप वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हलधरपुर थाना क्षेत्र के पहदेवाजीत ग्राम निवासी रामप्रेम यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार रामप्रेम यादव रविवार को वह अपने रिश्तेदारी नदवासराय गए थे। वापसी में बलिया के बरौली में निमंत्रण करते हुए वापस लौट रहे थे तभी भीमपुरा थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव के पास विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे पिकअप वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई। इस हादसे में उनका दांया पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल मऊ के लिए रेफर कर दिया।

वहां से वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया परिवार के लोग उन्हें ट्रामा सेंटर ले गए जहां उनकी रात में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बलिया पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। रामप्रेम यादव के परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार में उनकी पत्नी शीला और 3 लड़का व एक लड़की हैं। रामप्रेम यादव की मौत से संपूर्ण गांव में मातम पसरा हुआ है ।

## कार्रवाई... बाबा के बुलडोजर से खौफ खाए आरोपी, पहुंचने लगे अदालत की शरण में

- सूदखोरो से तंग आकर व्यापारी ने कर ली थी खुदकुशी
- आरोपियों के भवन में रह रहे किराएदार अपना-अपना सामान समेटने में जुटे

**केटी न्यूज/बलिया**

सेटिंग-गेटिंग के लिए मशहूर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त से नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या के मुख्य आरोपी अभी भी दूर हैं। हालांकि रविवार की शाम शहर कोतवाल ले भृगु मंदिर इलाके में बने आरोपियों के महल और मकान में जाकर किराएदारों को अवगत करा दिया है कि वे तीन दिनों के अंदर स्वयं मकान खाली कर दें क्योंकि उक्त भवन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसे लेकर उक्त भवनों में रह रहे लोग अपना-अपना सामान सिमटने में जुट गए हैं। वहीं प्रशासन के डर से आधे दर्जन से अधिक आरोपी अग्रिम जमानत के लिए अदालत की शरण में पहुंच गए हैं।

ज्ञात हो कि बीते एक फरवरी को नगर के प्रमुख गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता सूदखोरों से तंग आकर खुदको गोली मार ली थी। इसके बाद मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना में जुट गई है। इसके साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन घटना के प्रमुख जिम्मेदार अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, फिर भी उनका कारोबार यथावत चल रहा है। लेकिन रविवार की शाम कोतवाल के ऐलान के बाद सभी प्रमुख आरोपीगण सकते में आ गए हैं और उन्हें डर सताने लगे हैं कि बाबा का बुलडोजर कभी भी उनकी प्रापर्टी पर चल सकता है। ऐसे में उन्होंने खुद को कोर्ट में सरेंडर करना ही उचित समझा है। शायद इसलिए सोमवार को न्यायालय खुलते ही आरोपी राहुल चौबे, रोहित चौबे, रणजीत सिंह उर्फ हनुमान सिंह, अजय सिंह सहित कुल छह आरोपी अग्रिम जमानत के लिए सीजेएम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। इस पर सुनवाई आगामी 13 फरवरी को होनी हैं। अब देखना यह है कि बाबा का बुलडोजर पहले चलता है या फिर इन सबको जमानत मिल जाती है।

## मऊ में जाति प्रमाण पत्र को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज

**केटी न्यूज/मऊ**

मऊ नगर के गाजीपुर तिराहा गिरहस्त प्लाजा के पास से गोंड समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र को लेकर जमकर प्रदर्शन किया और झाल मझिरे के साथ कलेक्ट्रेट धरना स्थल पहुंचने से पहले ही कलेक्ट्रेट मोड़ पर यातायात आवागमन बाधित पूरी तरह से बाधित होने पर नाराज प्रशासन ने जमकर लाठियां भांज कर भीड़ को तितर-बितर किया और आवागमन को सुचारु रुप से चालू कराया।

गोंड समाज के फौजी किशनलाल गोंड ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर जाति प्रमाण पत्र बन रहे हैं लेकिन हमारी जाति के लोगों का मऊ जनपद में जातीय प्रमाण 4 साल से बनना बंद हो गया जिसको लेकर हमारी जाति के लोगों का सभी सरकारी कामों में बाधाएं आ रही हैं जिसको लेकर कई बार हमने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया कोई निवारण नहीं होने पर आज सोमवार को विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन करने के लिए धरना स्थल पहुंचेंगे आपको बता दें कि जैसे ही इस विशाल रैली की खबर प्रशासन को लगी तो लाठी-डंडे के साथ सैकड़ों की संख्या में प्रशासन मौजूद हो गए गोंड समाज के लोगों ने जैसे ही सड़क पर निकले तो दोनों तरफ से आवागमन पूरी तरह से घंटों बाधित हो गया अभी वह कलेक्ट्रेट के मोड़ पर पहुंचते ही जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन करने लगे भीषण जाम की समस्या देखते हुए पुलिस प्रशासन ने लाठियां भांजना शुरू कर दिया तब जाकर जाम की समस्या को खत्म कराया गया।

## एक नजर

### जी-20 के प्रचार-प्रसार हेतु जेएनसीयू में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण और कुलसचिव एसएल पाल (जी-20 नोडल अधिकारी) के मार्गदर्शन में जी-20 की अध्यक्षता कर रहे भारत के संदर्भ में छात्रों में जन जागरूकता अभियान के तहत निबंध, वाद-विवाद, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संबोधन भाषण में डॉ.अजय कुमार चौबे ने 21 वी सदी में पर्यावरणीय चेतना जागरूकता पर चर्चा की। डॉ.विनीत सिंह ने जी-20 के परिपेक्ष्य में मोटे अनाजों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। डॉ विजय शंकर पाण्डेय ने जी-20 की वृहद रुपरेखा प्रस्तुत की। जी-20 से सम्बंधित दस विभिन्न विषयों पर निबंध, वाद-विवाद/भाषण और चित्रकला का आयोजन प्रशासनिक भवन सभागार में किया गया। इसमें विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. गुंजन कुमार, डॉ. अभिषेक त्रिपाठी और डॉ. प्रवीण नाथ यादव रहे। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सरिता पाण्डेय एवं डॉ. प्रवीण नाथ रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्याणक डॉ. अभिषेक मिश्र और ज्ञानेंद्र चौहान रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.स्मिता त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.प्रज्ञा बौद्ध ने किया इस अवसर पर निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा, डॉ. रूबी, डॉ. संध्या, डॉ. सौम्या, डॉ. संदीप यादव, डॉ. प्रमोद शंकर पाण्डेय एवं परिसर के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### सामाजिक परिवर्तन के लिए संत रविदास ने अपना पूरा जीवन किया समर्पित: शमीम खान



**बलिया।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के पदाधिकारी संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि हमारा देश संतो महापुरुषों का देश रहा है। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज ने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए पूरा जीवन लगा दिया, शोषित पीड़ित और कमजोर वर्ग को न्याय और इंसाफ के लिए वह हमेशा संघर्ष करते रहे और आजीवन जन जागरण का अभियान चलाते रहे। ऐसे महापुरुषों के आदर्शों पर ही आधुनिक समाज की स्थापना हो सकी। हम इन्हें अपना आदर्श मानते हैं। मौके पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, पूर्वांचल सचिव कालिका प्रसाद, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला संगठन मंत्री मुदस्सीर अंसारी, सनाउल्लाह खान, कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, राम कुमार राजभर, बृजेश राम, सुरेश राम, शीतल प्रसाद, जगमोहन बिंद, शिवकुमार रश्मि, आरडी गौतम, विजय कुमार, गंगासागर गुप्ता, मोहम्मद सरफराज, छोटन राम, त्रिभुवन राम, मनोज कुमार, सुरेश राम, राम जी राम इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### हाजी इरफान अंसारी का हुआ भव्य स्वागत



**मऊ।** मनोनीत राष्ट्रीय सचिव हाजी इरफान अंसारी जी के मऊ प्रथम आगमन पर कैलेंडर तिराहा पर विधानसभा अध्यक्ष आमान अहमद के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने फूल एव मालाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव, विधायक राजेंद्र कुमार, धर्मप्रकाश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष वलीदपुर मोहम्मद अली, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मदाबाद शकील अहमद उर्फ सब्बू वाहिदुज्जमा, राम प्रताप यादव, नन्हाकू राजभर शैलेन्द्र उर्फ साधु, शिव प्रताप यादव, रामू यादव, जफर जमील, हरेंद्र, सरोज राम, शब्द यादव, सरया सदानंद यादव, राम प्रकाश यादव, प्रेम चन्द्र यादव, मुन्ना खान, हैबिबूर रहमान, जयहिंद यादव, गिलमान प्रधान, राम दरस यादव, राजमन यादव, बिर्जेश गुप्ता, परवेज अहमद, खुर्शीद अहमद जमालूद्दीन, समीम अहमद, वकील अहमद, अकिब अंसारी, दिनेश यादव, करमचंद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत राज अधिकारी को भेजा पत्र

**बलिया।** विकासखंड मनियर के सहायक विकास अधिकारी पंचायत दिग्विजय नाथ तिवारी ने पंचायत राज अधिकारी बलिया को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें मांग किया गया है कि आवास किराए की कटौती 630 प्रति माह की दर से काटने पर रोक लगाई जाए। सहायक विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि विकासखंड मनियर में तृतीय श्रेणी टाइप आवास का तत्कालीन पूर्व सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा कार्यालय कक्ष के रूप में कार्य किया जाता रहा जो स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यालय कक्ष के रूप में अपने कार्यों का निष्पादन किया करता है। जिसे आवास के रूप में अधोहस्ताक्षरी को नियम व कानून व शासन के विपरीत खंड विकास अधिकारी मनियर द्वारा आवास आवंटित कर दिया गया है। जिसकी कटौती अधोहस्ताक्षरी के वेतन से किराए के रूप में 630 रुपये प्रतिमाह किए जाने का जिला पंचायत राज अधिकारी से खंड विकास अधिकारी मनियर द्वारा अनुरोध किया गया है।

## कपैसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर कार्यशाला आयोजित

# शिक्षकों एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में पहल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज द्वारा कपैसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर डालिम्स सनबीम स्कूल.गांधीनगर में जिलेभर के सीबीएसई स्कूल के लगभग पचास शिक्षकों को सीबीएसई द्वारा नियुक्त ट्रेनर अखिलेश मिश्रा प्रिंसिपल रेडियेंट सेंट्रल अकेडमी अम्बेडकर नगर एवं डॉ राजेश कारकून प्रिंसिपल माउंट लिटेरा स्कूल गाजीपुर द्वारा दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरूआत डॉ प्रेरणा राय प्रिंसिपल डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, डॉ राजेश कारकून प्रिंसिपल माउंट लिटेरा स्कूल गाजीपुर एवं श्री अखिलेश शुक्ला प्रिंसिपल रेडियेन्ट सेंट्रल अकैडमी अम्बेडकर नगर द्वारा द्वीप प्रज्जवल्लित करके किया गया।



प्रिंसिपल अखिलेश शुक्ला ने बताया कि दो दिवसीय ट्रेनिंग सत्र मे कुल ग्यारह सत्र थे जिसमें अनेक नई नई विधियों से सभी शिक्षकों को ट्रेन किया गया। डॉ राजेश कारकून प्रिंसिपल माउंट लिटेरा स्कूल गाजीपुर एवं सीबीएसई स्कूल गाजीपुर ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद से सभी सीबीएसई शिक्षकों को प्रति वर्ष पचीस घंटे की ट्रेनिंग अनिवार्य है। इस क्रम मे उन्होने कहा कि सीबीएसई प्रयागराज द्वारा आयोजित ट्रेनिंग को पिछड़े क्षेत्र मे शानदार तरीके से आयोजित करके डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर ने काफी नेक पहल की है शिक्षकों एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए एक अच्छा प्रयास किया है।

उक्त कार्यक्रम मे डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, एम जे आर पी स्कूल गाजीपुर, डालिम्स सनबीम स्कूल गाजीपुर, सेंट जेवियर्स दिलदारनगर, रेनबो इंटरनेशनल स्कूल दिलदारनगर, मार्टिन चिल्ड्रेन अकैडमी भावरकोल, चिन्मय भारत अकैडमी नोनहरा, आर एस कान्वेंट बारांचौर, राधिका इंटरनेशनल स्कूल बलिया, एमबीसन स्कूल बलिया, डिवाइन ग्लोबल जमनिया, श्याम इंटरनेशनल स्कूल आदि के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों ने दो दिवसीय ट्रेनिंग सत्र मे प्रतिभाग किया।

### बीए और एमए के छात्रों को मौका

**गाजीपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से संबंधित महाविद्यालयों में स्नातक स्तर प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर स्तर प्रथम सेमेस्टर के ऐसे छात्र जिनके परीक्षा फार्म आनलाइन भरे जा चुके हैं, किन्तु किन्ही कारणवंश सत्यापित नहीं हुए हैं, उन्हें एक अवसर और प्रदान किया गया है। परीक्षा नियंत्रक ने ऐसे विद्यार्थियों को सात फरवरी व आठ फरवरी तक परीक्षा फार्म के सत्यापन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का निर्देश दिया है। प्राचार्य उन्हीं का परीक्षाफार्म वेरीफाई एवं शुल्क जमा करेंगे जो इस आशय की सहमति प्रदान करे कि यदि उनके किसी विषय की परीक्षा छूट गयी है तो वे उसके लिए अलग से परीक्षा सम्पन्न कराने की मांग नहीं करेंगे।